**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं के कियान्वयन से सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे दिनांक 13.02.2023 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनॉक 13–02–2023 को सांय 5–00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मे निम्न अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

1– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
3– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि।
4– मेसर्स एफ0का0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि ।
5– जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
6– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेघज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।
7– समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सापोर्ट एजेन्सी के प्रतिनिधि।

जल जीवन मिशन सर्वेक्षण फरवरी–2023 की वेबसाईट रिपोर्ट दिनांक 12.02.2023 के अनुसार प्रगति में नेशनल रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 10/68वें तथा प्रदेश रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 8/27वें स्थान पर है। प्रगति का विवरण निम्नवत है।

| Indicator | | Maximum Marks | Obtained Marsk |
|---|---|---|---|
| Physical Progress | Residual Coverage ; FHTC provided after base date/ Remaining FHTC Coverage to achieve 100% Coverage on base date | 50 | 14.3539 |
| Water Quiality | % of villages where houschold tap water sample is tested using FTKs or in Labs | 10 | 0.2267 |
| | % of villages where PWS source water sample (taken after WTP) is tested using FTK of in Labs | 10 | 0.6747 |
| | %of villages having women trained for FTKs | | |
| Institutional Arrangements | % Of villages having VWSCs | 10 | 9.37 |
| | % Of villages with skilling done | 10 | 10 |
| | | 10 | 5.967 |
| | Totel | 100 | 40.3223 |

प्रगति रिपोर्ट दिनॉक 12 फरवरी–2023 में अंकित है कि अवशिष्ट कवरेज एफ0एच0टी0 के तहत किये गये गृह संयोजन में जनपद की प्रगति 50 के सापेक्ष 14.3539, जलगुणवत्ता की प्रगति 10 के सापेक्ष 0.2267, वाटर सप्लाई सैम्पल का परीक्षण 10 के सापेक्ष 0.6747 तथा स्किल मैन पावर प्रशिक्षण का प्रतिशत 10 के सापेक्ष 5.697 है तथा जल गुणवत्ता के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मे परिवारों को पाइप लाइन से उपलब्ध कराये जा रहे जल नमूनो की जॉच एफ0टी0के0 एव प्रयोगशाला के माध्यम से कराये जाने के 3286 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 137 तथा ग्राम पंचायत मे पर्सनल वेब सर्वे पाइप वाटर सप्लाई का परीक्षण एफ0टीके0 एवं प्रयोगशाला मे कराये जाने का लक्ष्य 1408 के सापेक्ष 190 पूर्ति की गयी है जो अत्यन्त ही शोचनीय तथा कार्यों के प्रति शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। प्रगति मे अपेक्षित सुधार लाने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देश दिया गया ।

जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कुल 3153 राजस्व ग्रामों मे 1223 डी0पी0आर0 लक्ष्य के सापेक्ष 1223 डी0पी0आर0 बनाया गया है तथा 1184 डी0पी0आर0 राज्य स्तर से स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष एक माह के भीतर निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से आरम्भ करा दिया जाय। साथ ही मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम( ग्रामीण) को दिया गया। मेसर्स वेलेस्पन इण्टरप्राइजेज एवं मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि द्वारा कराये जा रहे कार्यो की सूची सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता को दिया गया । उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत 3286 राजस्व ग्रामो में प्रशिक्षण का कार्य किया जा रहा है संस्था द्वारा 12000 की फिडिंग की गयी है एवं 2602 प्रशिक्षार्थियो का प्रशिक्षण शेष है एक सप्ताह के अन्दर प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश उद्यमिता विकास संस्थान को दिया गया अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण की सूची लेकर खण्ड विकास अधिकारियो से ट्रेडवार क्रास चेकिंग/सत्यापन करा लें तथा संस्था द्वारा स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष कार्य प्रारम्भ होने की सूची उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी को सत्यापन के लिए उपलब्ध कराये, गुणवत्ता की जॉच कर लें तथा संस्था द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रति दिन की रिपोर्ट प्राप्त कर उपलब्ध करायें। बॉटम–10 से बाहर निकलने के लिए कनेक्शन बढाने हेतु एक सप्ताह का समय अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को दिया गया।

(1) मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 866 राजस्व ग्रामों में कार्य कराये जाने हेतु कार्य आवंटन किया गया है जिसमें 355 परियोजनाओं का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 339 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। वेलस्पन इण्टर प्राईजेज द्वारा 173 ग्राम पंचायतो में कार्य प्रारम्भ कराते हुए 62 ग्राम पंचायतो मे बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 111 ग्रामों में अद्यतन कार्य प्रारम्भ न कराया जाना विभाग की शिथिलता का द्योतक है जबकि एस0एल0एस0एस0सी0 से अनुमोदन प्राप्त होने के एक माह के अन्दर कार्य प्रारम्भ हो जाना चाहिए था इनके द्वारा 18 मशीन लगाकर कार्य किया जा रहा है बोरिंग मशीन कम है बोरिंग मशीन बढाकर कार्य मे प्रगति बढाने का निर्देश दिया गया। मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज को ग्रामों में 500 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 300 कनेक्शन प्रति दिन किया जा रहा है। कनेक्शन किये जाने में शिथिलता का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधि को निर्देश दिया

Scanned with CamScanner

जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय ओ0पी0 यूनिट मे प्रगति खराब है। निर्देश दिया गया कि मैन पावर बढाकर पाईप लाईन बिछाने के कार्य मे प्रगति लाये, कनेक्शन बढाने के लिए एक सप्ताह का समय मेसर्स वेलेस्पन के प्रतिनिधि को दिया गया।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण)

(2) मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 2287 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराये जाने हेतु आवंटन किया गया है, जिसमें 867 परियोजना का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 796 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा 231 परियोजनाओ पर बोरिंग का कार्य किया जा रहा है जिसमे से 32 बोरिंग पूर्ण है। स्वीकृत परियोजनाओं पर एक माह के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाना चाहिए था किन्तु अद्यतन 565 परियोजनाओं पर कार्यारम्भ न कराया जाना संस्था की शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। निर्देश दिया जाता है कि अवशेष परियोजनाओं पर एक सप्ताह के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाय तथा एफ0एच0टी0सी0 में 1000 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 300 कनेक्शन प्रतिदिन किया जा रहा है। निर्देश दिया गया मैन पावर बढाकर पाईप लाईन बिछाने के कार्य मे प्रगति लाये, कनेक्शन बढाने के लिए एक सप्ताह का समय मेसर्स एफ0कॉन0 के प्रतिनिधि को दिया गया। जिन ग्रामों मे पाईप लाईन एवं ओ0पी0 यूनिट का कार्य पूर्ण हो गया है वहा पर टैप कनेक्शन लागा दिये जाय अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिया गया कि पोर्टल की लिस्ट लेकर खण्ड विकास अधिकारी से सत्यापन करा लें।

(कार्यवाही– मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर)

(3) अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेन्सी (आई0एस0ए0) जौनपुर के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि की जा रही गतिविधियों के प्रचार प्रसार की सूची सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराये तथा विकास खण्ड डोभी एवं केराकत मे एच0एफ0टी0सी0 कनेक्शन के लिए आधार कार्ड उपलब्ध कराये। तथा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु लाभार्थीयों के चयन की सूची उद्यमिता विकास संस्थान को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेंन्सी)

(4) उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य कराया जा रहा है जिसमे 21 विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। जनपद की कुल 3286 राजस्व ग्रामो के सापेक्ष मात्र 1871 राजस्व ग्रामो का डाटा फीड किया गया है। शेष ग्राम पंचायतों की प्रगति रिपोर्ट अपलोड नही कराये जाने के कारण पोर्टल पर प्रगति असन्तोषजनक प्रदर्शित हो रही है। निर्देश दिया जाता है कि शतप्रतिशत ग्राम पंचायतो का फीडिंग पूर्ण कराया जाय। अन्यथा संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया जायेगा।

(कार्यवाही–डी0पी0एम0यू0 / उद्यमिता विकास संस्थान)

(5) समीक्षा बैठक मे डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि मेसर्स वेलेस्पन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कान0 इन्फारट्रक्चर द्वारा कराये जा रहे समस्त कार्यो का सत्यापन कर निर्माण कार्य में पाई जा रही कमियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अधिशासी अभियन्ता (जल निगम) पायी गयी कमियों का निराकरण हो रहा है अथवा नही का परीक्षण करते हुए कमियों के सापेक्ष बिल की धनराशि से कटौती करते हुए भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम / डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0))

(6) समीक्षा बैठक मे जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फारट्रक्चर तथा मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज द्वारा कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण / सत्यापन करते हुए संस्था द्वारा मंगाये गये सामाग्री का भी सत्यापन कर आख्या प्रस्तुत करें।

जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि संस्था द्वारा सामाग्री मंगाने के आदेश निर्गत किये गये है या नही एवं मंगायी गयी सामाग्री की गुणवत्ता की जॉच, स्टॉक रजिस्टर एवं गोदाम का निरीक्षण / सत्यापन कर आख्या प्रस्तुत करे।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति से समस्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाता है कि समयान्तर्गत कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय तथा उपरोक्त निर्देशो का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय अन्यथा की स्थिति मे कार्यदायी संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
जौनपुर।

कार्यालय जिलाधिकारी,जौनपुर।

पत्रांक 3164 / का0वि0 / जल जीवन / 2022–23 दिनांक 21 फरवरी 2023

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) जौनपुर।
4– मेसर्स वेलेस्पन इण्टर प्राईजेज एवं मेसर्स एफ0कान0 इन्फारट्रक्चर के प्रतिनिधि ।
5– जिला समन्वयक डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
6– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।
7– समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेंन्सी (आई0एस0ए0) जौनपुर।

जिलाधिकारी
जौनपुर

Scanned with CamScanner